➡ जब सूर्य की किरणें *कर्क रेखा* पर या इसके आसपास लम्बवत पड़ती है तो *उत्तरी गोलार्द्ध* (भारत) में *तेज गर्मी* पड़ती है ।

➡ जब *दक्षिणी गोलार्द्ध* में सूर्य की किरणें *मकर रेखा* व उसके आसपास के क्षेत्र पर लम्बवत पड़ने पर मध्य एशिया में *बेकाल झील* के पास व *मुल्तान* के आसपास *उच्च दाब* कायम हो जाता है ।

➡ *नवीनतम विचारधाराओं* के अनुसार मानसून की उत्पत्ति *क्षोभमंडल में विकसित सामयिक आँधियों से* मानी जाती है ।

➡ हवाओ का ऐसा प्रवाह जो निम्न क्षोभमंडल में पहुँचता है , उसी *जेट स्ट्रीम* से धरातल पर वापसी होती है ।

➡ वर्तमान समय में *मानसून की उत्पत्ति का सिद्धांत ' जेट पवन ' से सम्बंधित* है , जो कि ऊपरी वायुमंडल के संचालन से प्रभावित है ।

जेट वायु धाराएं

➡ जेट वायु धाराओं की खोज *द्वितीय विश्वयुद्ध* में हुई थी ।

➡ शीत या जाड़े की ऋतु में जेट स्ट्रीम क्षोभमंडल में लगभग *12 किमी.* की ऊंचाई पर स्थित है एवं हिमालय तथा तिब्बत पठार के अवरोध के कारण *दो शाखाओं* में विभक्त हो जाती है ।

➡ जेट स्ट्रीम के कारण ही *भूमध्य सागरीय पश्चिमी विक्षोभों* को *उत्तरी - पश्चिमी* भारत के क्षेत्र में प्रवेश करने और यहां के मौसम को प्रभावित का मौका मिलता है ।

जलवायु : परिस्थितियां

➡ भारत की जलवायु *मानसूनी जलवायु* है ।

➡ यहां की जलवायु परिस्थितियों को सामान्य रूप से *मानसून पूर्व की स्थिति , मानसून कल एवं मानसून वापसी* के कालक्रम में बांटा गया है ।

➡ *मानसून पूर्व की स्थिति* में देश में *भयंकर गर्मी* पड़ती है जिससे *उत्तरी भारत* में *निम्न वायुदाब* विकसित हो जाता है वे पवनें *समुन्द्र से स्थल* की और चलने लगती है ।
➡ *मानसून काल* में दक्षिणी - पश्चिमी से आने वाली पवनें *अरब सागर के मानसून* एवं *बंगाल की खाड़ी के मानसून* के रूप में भारत में वर्षा करती है । यह कल *वर्षाकाल* कहा जाता है।
➡ *मानसून वापसी* का समय *शीत ऋतु एवं ग्रीष्म* से सम्बंधित है ।

जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक : -

🔘 *(1) समुन्द्र तल से ऊंचाई : -*

➡ सामान्यतः *प्रति 165 मीटर की ऊंचाई पर 1 डिग्री से. ग्रे.* तापमान कम होता है ।
➡ एक ही अक्षांश पर स्थित होते हुए भी ऊंचाई की भिन्नता के कारण *ग्रीष्म कालीन* तापमान *मसूरी में 24 डिग्री से. ग्रे. , देहरादून में 32 डिग्री से. ग्रे.* तथा *अंबाला में 40 डिग्री से. ग्रे.* रहता है ।

🔘 *(2) समुन्द्र से दूरी : -*

➡ समुन्द्र तट पर स्थित नगरों में तापमान अति न्यून रहता है तथा जलवायु नम रहती है ।
➡ समुन्द्र से जैसे - जैसे दुरी बढ़ती जाती है वैसे ही तापमान एवं शुष्कता बढ़ती जाती है ।
➡ पश्चिमी तटीय क्षेत्रों में वर्षा जा वार्षिक औसत 200 से.मी. से अधिक रहता है , जैसलमेर में यह औसत केवल 5 से.मी. रह जाता है ।

🔘 *(3) अक्षांशीय स्थिति : -*

➡ यह तापमान को *सबसे अधिक* प्रभावित करने वाला कारक है ।
➡ बढ़ते हुए अक्षाशों के साथ तापमान में *कमी* आती जाती है , क्योकि *सूर्य की किरणों का तिरछापन* बढ़ता जाता है ।
➡ भारत का उत्तरी भाग *शीतोष्ण प्रदेश* तथा दक्षिणी भाग *उष्ण प्रदेश* के अंतर्गत आता है ।

🔘 *(4) पर्वतों की स्थिति : -*

➡ *दक्षिणी - पश्चिमी* मानसून से प्रायद्वीपीय पठार के *पश्चिमी ढालो* पर प्रचुर वर्षा होती है , जबकि इसके विपरीत ढाल एवं प्रायद्वीपीय पठार दक्षिणी - पश्चिमी मानसून के सृष्टि - छाया क्षेत्र में अंतर है ।

(5) पर्वतों की दिशा : -

➡ *साइबेरियाई* से आने वाली ठंडी पवनों को *हिमालय* रोकता है । तथा *हिमालय* ग्रीष्मकालीन मानसून को रोककर भारत में ही वर्षा कराते है ।

➡ पश्चिमी राजस्थान की शुष्क जलवायु का मुख्य कारण *अरावली श्रेणी की दिशा दक्षिणी - पश्चिमी मानसून के समान्तर* होना है ।

(6) पवनों की दिशा : -

➡ ग्रीष्मकालीन मानसून *हिन्द महासागर* से चलने के कारण *उष्ण व आर्द्र* होते है , अतः वर्षा करते है ।

➡ शरद कालीन मानसून *स्थली व शीत* क्षेत्रों से चलते है , अतः ये *शीत व शुष्कता* लाते हैं ।

(7) उच्च स्तरीय वायु संचरण : -

➡ भारत की जलवायु *क्षोभमंडल की गतिविधियों* से प्रभावित होती है

➡ मानसून की *कालिक व मात्रात्मक अनिश्चितता* उच्च स्तरीय वायु संचरण की दिशाओं पर निर्भर करती है ।

इनके अलावा *मेघच्छादन की मात्रा , वनस्पति आवरण , समुंद्री धारा* आदि भी भारत की जलवायु को आंशिक रूप से प्रभावित करती है ।

भारत सरकार के *मौसम विभाग* के अनुसार भारत की जलवायु परिस्थितियों को *चार ऋतुओं* में बांटा है : -

(क) उत्तर - पूर्वी या शीतकालीन मानसून काल : -

1. शीत ऋतु - दिसंबर से फरवरी तक ।

2. ग्रीष्म ऋतु - मार्च से मध्य जून तक ।

(ख) दक्षिणी - पश्चिमी या ग्रीष्म कालीन मानसून : -

3. वर्षा ऋतु - मध्य जून से मध्य सितंबर तक ।
4. शरद ऋतु - मध्य सितंबर से मध्य दिसंबर तक ।

*** भारतीय संस्कृति के अनुसार छः ऋतुएँ मानी गई है -***

***1.* बसंत ऋतु *-* चैत्र - बैशाख**
***2.* ग्रीष्म ऋतु *-* ज्येष्ठ - आषाढ़**
***3.* वर्षा ऋतु *-* श्रावण - भाद्रपद**
***4.* शरद ऋतु *-* आश्विन - कार्तिक**
***5.* शीत ऋतु *-* मार्गशीष - पोष**
***6.* हेमन्त ऋतु *-* माघ - फाल्गुन**

1. शीत ऋतु -

(अ) तापमान -

➡ उत्तर से दक्षिण जाने पर इस के तापमान में वृद्धि होती है ।
➡ *भूमध्य रेखा व समुन्द्र से दूरी* तथा *समुन्द्र तल से ऊंचाई में वृद्धि से* उत्तरी भारत में भूमध्य रेखा से निकटता व समुंद्री प्रभाव से तापमान अधिक रहता है ।
➡ इस समय उत्तरीभारत में औसत तापमान *21 डिग्री सेंटीग्रेट* से कम व दक्षिणी भारत में अधिक रहता है ।

(ब) वायुदाब व पवनें -

➡ इस ऋतु में उच्च दाब *मध्य एशिया* तथा निम्न दाब *हिन्द महासगार* क्षेत्र में केंद्रित होता है ।
➡ इससे पवनें उच्च दाब से निम्न दाब की ओर चलने लगती है जिसे *उत्तरी - पूर्वी मानसूनी पवनें* कहा जाता है ।

(स) वर्षा -

➡ *भूमध्य सागरीय चक्रवातों* (पश्चिमी विक्षोभ) से होने वाली वर्षा *रबी की फसल* के लिए लाभदायक होती है । इसे स्थानीय भाषा में *" मावठ "* कहा जाता है ।

➡ *मावठ* की वर्षा *जम्मू कश्मीर , पंजाब , हरियाणा , राजस्थान , उत्तराखंड व उत्तरप्रदेश* में होती है ।
➡ *दक्षिण* में *उत्तरी - पूर्वी* मानसून से होने वाली वर्षा *तमिलनाडु* में होती है ।

2. ग्रीष्म ऋतु -

➡ उत्तरी भारत में ग्रीष्म ऋतु में तापमान अधिक होने के तीन प्रमुख कारण है -
1. सूर्य की किरणों का उत्तरी गोलार्द्ध में लम्बवत पड़ना
2. समुन्द्र से दूरी
3. प्रति चक्रवातों के कारण तापमान में वृद्धि ।

(अ) वायुदाब व पवनें -

➡ इस समय उत्तरी भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण *निम्न वायुदाब* का क्षेत्र बन जाता है।
➡ इस समय *राजस्थान व पंजाब* में अति निम्न दाब हो जाता है । इसके विपरीत *हिन्द महासागर* क्षेत्र में *अधिक दाब* रहता है।
➡ इस ऋतु में उत्तरी भारत में पवनें चलती है , जिन्हें *" लू "* कहा जाता है ।
➡ उत्तर पूर्व भारत में इसे *नार्वेस्टर / चाय वर्षा* कहते है ।
➡ *पश्चिमी बंगाल* में इन आंधी तूफानों को *' काल बैशाखी '* कहते है ।

(ब) वर्षा -

➡ इस ऋतु में वर्षा बहुत *कम मात्रा* में होती है ।
➡ *दक्षिणी भारत* में *मालाबार तट* के पास होने वाली वर्षा को *" आम्र वर्षा "* तथा *कहवा* उत्पादन वाले क्षेत्रों (कर्नाटक) की वर्षा को *" फूलों की बौछार / चैरी ब्लास्म "* कहते है ।

3. वर्षा ऋतु -

(अ) तापमान -

➡ मानसूनी वर्षा में वृद्धि के साथ - साथ तापमान में कमी आने लगती है ।

Check your preparation at http://ExamPortal.co.in
Download our Android app at goo.gl/M8FSZ0

(ब) वायुदाब व पवनें -

➡ इस समय *निम्न वायुदाब* (जिसे ' मानसून गर्त ' भी कहते है) राजस्थान व पंजाब में , व *उच्च वायुदाब* हिन्द महासागर में केंद्रित हो जाता है । जिससे हवाओं की दिशा दक्षिण - पश्चिम से बनने के कारण यह *दक्षिणी - पश्चिमी मानसून* के नाम से जाना जाता है।

(स) वर्षा -

➡ दक्षिण पश्चिमी मानसून *दक्षिण प्रायद्वीप* की स्थिति के कारण दो शाखाओं में बंट कर देश में वर्षा करता है : -

***1.* अरब सागरीय शाखा**

***2.* बंगाल की खाड़ी की शाखा**

➡ जब मानसून स्थल भाग में प्रवेश करता है तो प्रचंड गर्जन एवं तड़ित के साथ घनघोर वर्षा करती है । जिनको *मानसून का फटना या टूटना कहते है ।*

4. शरद ऋतु -

➡ यह ऋतु मानसून लौटने का काल है ।

➡ सूर्य के *दक्षिणी गोलार्द्ध* में जाने से तापमान में कमी आ जाती है ।

भारत में मानसून की उत्पत्ति तथा क्रियाविधि के सिद्धांत

1. चिर सम्मत सिद्धान्त / परम्परागत सिद्धान्त : -

➡ यह सिद्धांत 1686 ई. में *एडमण्ड होली* द्वारा दिया गया ।

➡ इन्होंने भारतीय मानसूनी पवनें *जल समीर* तथा *थल समीर* के रूप में चलती है ।

2. ITCZ संकल्पना (Inter Tropical Conversation zone) / अंतर उष्ण अभिसरण क्षेत्र : -

➡ *फ्लोन ने 1951 में* इस तापीय संकल्पना का प्रतिपादन किया ।

Register for free online Exam Practice at http://examportal.co.in/exam/main/register

➡ *फ्लोन* ने बताया कि *सूर्य की उपस्थिति के कारण* भू मध्य रेखीय क्षेत्र में विकसित *निम्न दाब की स्थिति* व्यापारिक पवनों को अपनी ओर आकर्षित करती है , इस क्षेत्र को *ITCZ* कहा जाता है ।

3. जेट सिद्धान्त : -

➡ यह सिद्धांत भारतीय जलवायुवेता *पी. कोटेश्वरम* ने प्रतिपादन किया ।

4. अन्तः उष्ण कटिबंधीय अभिसरण परिकल्पना : -

➡ जर्मन मौसम विज्ञान शास्त्री *फ्लोन* के अनुसार *भूमध्यरेखीय निम्न दाब की ओर चलने वाली दोनों व्यापारिक पवनें से मिलने से वाताग्र* उत्पन्न हो जाता है । *यही वाताग्र मानसून की जननी है ।*

🔹 *5. ब्लादिमीर कोपेन* ने *1936* में *वनस्पति के आधार पर* संसार की जलवायु का संशोधित वर्गीकरण प्रस्तुत किया ।
➡ डॉ कोपेन ने 1918 में भारत की जलवायु को *तीन* क्षेत्रो मे बांटा - *(1) शुष्क भारत , (2) अर्द्ध - शुष्क भारत , (3) आर्द्र भारत ।*

🔹 *कोपेन के अनुसार भारत के जलवायु प्रदेश*🔹

➡ कोपेन ने भारत को *8 जलवायु प्रदेशों* में बांटा है , जिसका वर्गीकरण निम्न है : -

A = उष्ण + आर्द्र
B = उष्ण + शुष्क
C = उष्ण + शीत
D = शीत + आर्द्र
E = शीत + शुष्क
f = वर्षभर वर्षा
w = सर्दियों में सूखा
s = गर्मियों में सूखा

h = हॉट (गर्मी)
c = ठंडा (Cold)
m = मानसून
g = वर्षा पहले गर्मी
W = शुष्क मरुस्थलीय
S = स्टेपी जलवायु (अर्द्धशुष्क)

1. As : - उष्णार्द्ध जलवायु का वह क्षेत्र जहाँ *ग्रीष्मकाल शुष्क* रहता है । *जैसे -* तमिलनाडु का कोरोमंडल तट ।

2. Aw : - उष्णार्द्ध जलवायु का वह क्षेत्र जहाँ *शीतकाल शुष्क* रहता है । *जैसे -* दक्षिणी प्रायद्वीपीय पठारी प्रदेश ।

3. Amw : - उष्णार्द्ध जलवायु का *शीत शुष्क वाला मानसून प्रभावित क्षेत्र* । *जैसे -* केरल का मालाबार तट ।

4. BWhw : - उष्ण जलवायु का *गर्म रेतीला मरुस्थलीय* भाग जहाँ *शीतकाल शुष्क* रहता है । *जैसे -* राजस्थान का पश्चिमी रेतीला मैदानी प्रदेश ।

5. BShw : - उष्ण शुष्क जलवायु का प्रदेश जहाँ *सवाना तुल्य वनस्पति पाई* जाती है । उष्ण एवं शीत शुष्क का यह प्रदेश *अर्द्धशुष्क जलवायु* से संबंधित है । इसके अंतर्गत *पंजाब , हरियाणा , पश्चिमी उत्तर प्रदेश , गुजरात , पूर्वी राजस्थान* आदि शामिल है ।

6. Cwg : - शीतोष्ण जलवायु का वह प्रदेश जहाँ *शीतकाल शुष्क एवं वर्षा ऋतु उमस भरी* होती है । इसके अंतर्गत *गंगा के मैदानी सहित उत्तर का विशाल मैदान* शामिल है ।

7. Dfc : - शीत आर्द्ध जलवायु के इस प्रदेश में *वर्षा की स्थिति हमेशा बनी* रहती है । इसके अंतर्गत *उत्तरी पूर्वी भारत के अरुणाचल प्रदेश* और *असम का कुछ क्षेत्र* शामिल है ।

8. E : - ध्रुवीय जलवायु के इस क्षेत्र में *सदा बर्फ जमी* रहती है । *तापमान की न्यूनता और वर्षा का अभाव* मुख्य लक्षण है । इसके अंतर्गत *जम्मू कश्मीर , हिमाचल प्रदेश , उत्तराखंड , सिक्किम* और *अरुणाचल प्रदेश* का *उच्च पर्वतीय बर्फीला* क्षेत्र शामिल है ।

Check your preparation at http://ExamPortal.co.in
Download our Android app at goo.gl/M8FSZ0

भारत में वर्षा का वितरण

➡ वर्षा के क्षेत्रीय वितरण के आधार पर देश को *चार भागों* में बांटा जा सकता है -

(1) अधिक वर्षा वाले भाग : -

➡ इसमें *असम , मेघालय , अरुणाचल प्रदेश , त्रिपुरा . . . .* आदि शामिल है ।
➡ यहां पर *200 सेंटी मीटर* से अधिक वर्षा प्राप्त होती है ।
➡ अधिक वर्षा के कारण यहां *उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन* पाये जाते हैं ।

(2) साधारण वर्षा वाले भाग : -

➡ इसके अंतर्गत *पश्चिमी घाट के पूर्वोत्तर ढाल , पश्चिमी बंगाल , छत्तीसगढ़ , झारखण्ड ....* आदि शामिल है ।
➡ यहां वर्षा *100 - 200 सेंटीमीटर* के मध्य होती है ।
➡ यहां पर *मानसूनी वन* पाए जाते है ।

(3) न्यून वर्षा वाले भाग : -

➡ इसके अंतर्गत *दक्षिणी प्रायद्वीप का आतंरिक भाग , मध्य प्रदेश , पूर्वी राजस्थान , पंजाब , हरियाणा . . .* आदि शामिल है ।
➡ इस भाग में वर्षा *50 -100 सेंटीमीटर* के मध्य होती है ।

(4) अपर्याप्त वर्षा वाले भाग : -

➡ इस भाग पर *तमिलनाडु का रायलसीमा क्षेत्र , कच्छ , पश्चिमी राजस्थान , पश्चिमी पंजाब व लद्दाख* आदि शामिल है ।
➡ यहां पर वर्षा *50 सेंटीमीटर* से भी कम वर्षा होती है ।

भारत की प्राकृतिक वनस्पति एवं मिट्टियां

http://GkToday.co.in http://ReetExam.net

Register for free online Exam Practice at http://examportal.co.in/exam/main/register

Check your preparation at http://ExamPortal.co.in
Download our Android app at goo.gl/M8FSZ0

प्राकृतिक वनस्पति : एक नजर से

➡वनस्पति से तात्पर्य *पादप वर्गों के समूह* से है । जो *जैव पारिस्थिकीय तंत्र* का निर्माण करता है ।
➡भारत की *राष्ट्रीय वन नीति* के अनुसार भौगोलिक क्षेत्रफल के *33 प्रतिशत भाग* पर वन होना अनिवार्य है ।

वनों के प्रकार व वितरण

1. सदाबहार वन -

➡ ये वन देश के उन भागों में मिलते हैं , जहां औसत वर्षा *200 से.मी.* से अधिक तथा वार्षिक औसत तापमान *24 डिग्री से.ग्रे.* के लगभग रहती है ।
➡ इसके *तीन* प्रमुख क्षेत्र है -
1. पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढाल
2. अंडमान - निकोबार द्वीप समूह
3. उत्तरी - पूर्वी भारत में बंगाल , असम , मेघालय और तराई प्रदेश ।
➡ सदाबहार वनों में *रबर , महोगनी , एबोनी , लौह - काष्ठ , जंगली आम , ताड़* आदि वृक्ष व बांस तथा कई प्रकार की लताएं पायी जाती है ।
➡ इस प्रकार जे वनों की *ऊंचाई 30 - 45 मीटर* तक होती है ।
➡ सदाबहार वनों की सघनता इतनी अधिक होती है कि धरातल पर *सूर्य का प्रकाश* नही पहुंच पाता ।
➡ इस प्रकार के वृक्षो का *शोषण कम* होता है क्योंकि इनकी *लकड़ी कठोर व न बिकाऊ होने के कारण आर्थिक दृष्टि से ज्यादा उपयोगी नही* होती है।
➡ उत्तरी सहाद्रि प्रदेश में इन वनों को *' शोला वन '* के नाम से जाना जाता है ।

2. पतझड़ी / पर्णपाती / मानसूनी वन -

➡ ऐसे वन उन भागो में पाए जाते हैं , जहां *100 -200 से.मी.* तक औसत वार्षिक वर्षा होती है ।
➡ इनकी *ऊंचाई 25 - 35 मीटर* होती है ।

Register for free online Exam Practice at http://examportal.co.in/exam/main/register

➡ इन वनों के प्रमुख वृक्ष *साल ,सागवान , नीम, चन्दन* (सर्वाधिक कर्नाटक में) *, रोजवुड , आंवला , शहतूत , एबोनी , आम , शीशम , बांस* आदि है ।
➡ ये वन *उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के निचले भाग , विंध्याचल व सतपुड़ा पर्वत , छोटा नागपुर व असम की पहाड़ियां , पूर्वी घाट के दक्षिणी भाग एवं पश्चिमी घाट का पूर्वी क्षेत्र* में पाये जाते है ।
➡ इनकी लकड़ी कठोर नही होती है ये वन *आर्थिक दृष्टि से अधिक उपयोगी* होते है ।
➡ अधिक दोहन के कारण इन वनों का क्षेत्र *दिन - प्रतिदिन घटता* जा रहा है ।

3. उष्ण कटिबंधीय शुष्क वन -

➡ ये वन उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं , जहां वर्षा का औसत *50 - 100 से.मी.* तक होता है ।
➡ इन क्षेत्रों में *जल की कमी सहन करने वाले वृक्षों* की बहुतायता मिलती है ।
➡ इन वनों की *जड़े लंबी व मोटी* होती है ।
➡ ये वन मुख्यत *दक्षिणी - पश्चिमी पंजाब , हरियाणा , पूर्वी राजस्थान व दक्षिणी - पश्चिमी उत्तर प्रदेश* में पाए जाते है ।
➡ इन वनों के प्रमुख वृक्ष *कीकर , बबूल , नीम , आम , महुआ , करील , खेजड़ी* आदि है ।
➡ इन वनों की *ऊंचाई 6 - 9 मीटर* होती है ।
➡ इनका उपयोग केवल *स्थानीय महत्व* के लिए किया जाता है ।

4. मरुस्थलीय वन -

➡ ये वन *50 से.मी.* से कम वर्षा वाले भागों में पाए जाते है ।
➡ यहाँ के वृक्षों में *पत्तियां कम , छोटी तथा काँटेदार* होती है ।
➡ *बबूल* यहां बहुतायत में मिलते है तथा *नागफनी , रामबांस , खेजड़ी ,खैर , खजूर* आदि भी यहां की प्रमुख वनस्पति है ।
➡ ये वन मुख्यत *दक्षिणी - पश्चिमी पंजाब , पश्चिमी राजस्थान , गुजरात , मध्य प्रदेश* आदि राज्यों में पायी जाती है ।
➡ इनका उपयोग भी *स्थानीय महत्व* के लिए किया जाता है ।

5. ज्वारीय / डेल्टाई / मैनग्रोव वन -

➡ इन्हें *दलदली वन* भी कहा जाता है ।

➡ ये वन *महानदी , गोदावरी , कृष्णा , कावेरी* आदि प्रायद्वीपीय नदियों के मुहानों पर तथा *गंगा - ब्रह्मपुत्र के डेल्टाई* (*सुन्दरी वृक्ष* के कारण इन्हें *सुंदरवन डेल्टा* भी कहते है) भागों में पाए जाते है ।
➡ इन क्षेत्रों में *बांस , नारियल , ताड़ , हैरोटीरिया , राइजोफोरा , सोनेरेशिया* आदि वृक्ष पाए जाते है ।
➡ ज्वारीय वन *समुंद्री कटाव* को रोकते हैं एवं इनकी लकड़ियाँ *मुलायम* होती है ।

6. पर्वतीय / शोलास वन -

➡ इस प्रकार के वन *दक्षिणी भारत में महाराष्ट्र के महाबलेश्वर* तथा *मध्य प्रदेश के पचमढ़ी* आदि ऊंचे भागो में *1500 मीटर* की ऊंचाई पर पाए जाते हैं ।
➡ पर्वतीय वनों की *ऊंचाई 15 - 18 मीटर* होती है ।
➡ वृक्ष *मोटे तने* वाले होते है , जिनके नीचे *सघन झाड़ियां* मिलती है ।
➡ अधिक ऊंचे भागों में *यूजेनिया , मिचेलिया व रोडेनड्रान्स* आदि वृक्ष मिलते है ।
➡ *1000 -2000 मीटर* की ऊंचाई पर चौड़ी पत्ती वाले *ओक तथा चेस्तनत , 1500 -3000 मीटर* की ऊंचाई पर *शंकुधारी वृक्ष जैसे देवदार , स्प्रूस , चीर* आदि तथा *3500 मीटर* से अधिक ऊंचाई पर *अल्पाइन वनस्पति जैसे सिल्वर फर , बर्च ,जूनिपर* आदि पाए जाते है ।

🔲 *ध्यातव्य रहे - मैंग्रोव वन या कच्छ वन* भारत के वे वन होते हैं , जो *तटीय क्षेत्रों के लवणीय जल* में पाए जाते है ।
🔲 *' वन स्थिति रिपोर्ट , 2005 '* के अनुसार भारत में कुल मैंग्रोव वन *4445 वर्ग किमी.* है । यह कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के *0.14%* के बराबर है ।

राष्ट्रीय वन नीति

➡ वनों की अनियंत्रित कटाई से *मिट्टी अपरदन , मरुस्थल का प्रसार , बाढों का आना , बंजर भूमि का बढ़ना , जलवायु की विषमता , सूखा , भूमिगत जलस्तर में गिरावट , वन्य जीवों की कमी तथा पर्यावरण प्रदूषण* आदि पर प्रतिकुल प्रभाव पड़े हैं ।
➡ भारत में सबसे पहले *1894 ई.* में *वन नीति* अपनाई गई थी ।
➡ स्वतंत्रता के बाद *31 मई 1954* को घोषित नई वन नीति के अनुसार भूमि के *33%* (मैदानी भागों में 20% तथा पर्वतीय क्षेत्रों में 60%) भाग पर वन होने चाहिए ।

➡ हमारे देश में *1988* में नवीन वन नीति घोषित की गई । उसके *तीन लक्ष्य* बताए गए -

1. पर्यावरण स्थिरता
2. वनस्पति व जीव जंतुओ जैसी प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखना
*3.*जन सामान्य की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति ।

➡ *भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट -* 2013 के अनुसार *8 जुलाई , 2014* को भारतीय वनों से सम्बधित *तेरहवीं* (13) *रिपोर्ट* जारी की गई , जिसका संदर्भ वर्ष *2013* है ,जो *रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट रिसोर्स सेट प्रथम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बनाई गई* , जिसके मुख्य बिंदु निम्न है : -
 भारत के कुल वनावरण *21.33%* भाग पर है , जबकि *वृक्षावरण व वनावरण* सम्मिलित रूप से *24.01%* भाग पर है , जिसे *33.33% भाग* होना चाहिए ।

 ISER - 2011 की तुलना में देश में लगभग *6300 किमी. / 23.81%* वन बढ़े हैं ।

 क्षेत्रफल की दृष्टि से सर्वाधिक वन वाले राज्य - मध्य प्रदेश (प्रथम) , अरुणाचल प्रदेश , छतीसगढ़ महाराष्ट्र तथा उड़ीसा ।

 कुल वनावरण व वृक्षावरण क्षेत्रफल वाले राज्य - मध्य प्रदेश (प्रथम) , अरुणाचल प्रदेश , महाराष्ट्र , छतीसगढ़ तथा उड़ीसा ।

 भौगोलिक क्षेत्रफल के प्रतिशत के आधार पर सघनता - मिजोरम (प्रथम) , अरुणाचल प्रदेश , नागालैंड , मेघालय तथा मणिपुर ।

 भारत में सर्वाधिक नगरीय वृक्षावरण क्षेत्रफल वाले राज्य - तमिलनाडु (प्रथम) , महाराष्ट्र , कर्नाटक , केरल तथा गुजरात ।

 भारत में न्यूनतम वन क्षेत्र - पंजाब में तथा न्यूनतम नगरीय वृक्षावरण *सिक्किम* में है ।

 वन क्षेत्रों के विस्तार व मरुस्थल के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए *वन अनुसंधान केंद्र ' देहरादून '* तथा *केंद्रीय मरू वन क्षेत्र अनुसंधान ' जोधपुर '* की स्थापना की गई है ।

 वानिकी , अरावली वृक्षारोपण व वन संरक्षण कार्यक्रम पर *पंडित पुरस्कार , वृक्ष मित्र पुरस्कार* प्रदान किये जाते है ।

प्रकृति के महत्वपूर्ण दिवस

 2015 में भारत सरकार ने *नदी संरक्षण वर्ष* तथा *UNO* ने *अंतर्राष्ट्रीय मृदा* वर्ष के रूप में मनाया है ।
 सन 2010 से 2020 को UNO द्वारा *अंतर्राष्ट्रीय मरुस्थलीकरण* के विरुद्ध दशक घोषित किया है ।
 भारत में *22 मई* को *अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस* जे रूप में मनाया जाता है ।
 18 अप्रेल को *विश्व विरासत दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 22 मार्च को *विश्व जल दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 3 मार्च को *विश्व वन्य जीव दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 8 जून को *विश्व महासागर दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 29 जुलाई को *अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 14 फरवरी को *राष्ट्रीय बाघ दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 16 सितम्बर को *अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 9 सितम्बर को *हिमालय दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 4 अक्टूबर को *विश्व पशु दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 17 जून को *विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम दिवस* के रूप में मनाया जाता है ।
 1 - 7 अक्टूबर को *वन्य प्राणी सप्ताह* के रूप में मनाया जाता है ।

भारत में वन्य जीव

➡ भारत में प्राणियों की लगभग *75,000* प्रजातियां पायी जाती है ।
➡ उनमे *350 स्तनधारी ,1,313 पक्षी , 408 सरीसृप , 197 उभयचर , 2,546 मछलियां , 50,000 कीट , 4,000 मोलस्क* तथा अन्य बिना रीढ़ वाले प्राणी है । यह विश्व का कुल *13%* है ।

➡ स्तनधारी जानवरों में *हाथी* सबसे अधिक महत्वपूर्ण है । ये *असम ,कर्नाटक और केरल* के *उष्ण* तथा *आर्द्र वनों* में पाए जाते है ।
➡ *एक सिंग वाले गैंडे* पश्चिमी बंगाल तथा असम के दलदली क्षेत्रों में रहते है ।
➡ *कच्छ के रन* तथा *थार मरुस्थल* में *जंगली गधे* तथा *ऊँट* रहते है ।
➡ भारत *विश्व का अकेला देश है* जहाँ *शेर तथा बाघ* दोनों पाए जाते है ।
➡ *भारतीय शेरों*का प्राकृतिक वास स्थल *गुजरात में गिर जंगल* है ।
➡ *बाघ मध्य प्रदेश* तथा *झारखण्ड* के वनों , *पश्चिमी बंगाल* के *सुंदरवन* तथा *हिमालयी क्षेत्रों* में पाए जाते है ।
➡ *तेंदुआ* बिल्ली जाति का सदस्य है जो *शिकारी जानवरों* में मुख्य है ।
➡ *लद्दाख* की बर्फीली ऊंचाईयों में *याक* पाए जाते है जो *गुच्छेदार सींगों वाला बैल* जैसा जीव है जिसका *भार लगभग एक टन* होता है ।
➡ *तिब्बतीय बारहसिंघा , भारल* (नीली भेड़) , *जंगली भेड़* , तथा *किआंग* (तिब्बती जंगली गधे) भी भारत में पाए जाते है ।
➡ *घड़ियाल , मगरमच्छ* की प्रजाति का एक ऐसा प्रतिनिधि भी है जो *विश्व में केवल भारत* में पाया जाता है ।

वन्य जीव संरक्षण

➡ भारत के *सम्राट अशोक महान* के शिलालेखों में वन्य जीवों के शिकार पर अंकुश व संरक्षण के बारे में विवरण मिलता है ।

**** *जैव मंडलीय सुरक्षित क्षेत्र -*****
➡ हमारे देश में वन्य जीवों के संरक्षण हेतु *15 जीव मंडल निकाय* (आरक्षित क्षेत्र) स्थापित किये गए है । ये निम्न है -
➡ *नन्दादेवी* (उत्तराखण्ड)
➡ *सुंदरवन* (पश्चिमी बंगाल , रॉयल बंगाल टाइगर)
➡ *मानस* (असम)
➡ *नोकरेक* (लाल पांडा , मेघालय)
➡ *मन्नार खाड़ी* (तमिलनाडु)
➡ *नीलगिरि : -* तमिलनाडु , केरल , कर्नाटक में फैला यह क्षेत्र , *1986 में जैव आरक्षित क्षेत्र घोषित* किया गया । यह *देश का सबसे पुराना जैव आरक्षित क्षेत्र* है । भारत में *सर्वाधिक जैव विविधता*रखने वाला *केरल का साइलैंड वैली* भी इसी क्षेत्र में स्थित है ।

➡ *सिमलीपाल* (उड़ीसा)
➡ *नामदफा*
➡ *थार का रेगिस्तान*
➡ *जिम कार्बेट* ,उत्तराखंड
➡ *कच्छ का छोटा रन : -* गुजरात (क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा क्षेत्र)
➡ *कान्हा*, मध्यप्रदेश
➡ *उत्तरी अंडमान*
➡ *वृहद निकोबार*व
➡ *काजीरंगा* , असम में

 यूनेस्को ने भारत के *10 जैव मंडल रिजर्वों को विश्व धरोहर घोषित* किया है : -
1. नीलगिरि (2000 ई.)
2. मन्नार की खाड़ी (2001 ई.)
3. सुंदर वन (2001 ई.)
4. नन्दादेवी (2004 ई.)
5. नोकरेक (2009 ई.)
6. पंचमढ़ी (2009 ई.)
7. सिमलीपाल (2009 ई.)
8. अचानकमार - अमरकंटक (2012 ई.)
9. निकोबार द्वीप समूह (2013 ई.)
10. अगस्तमलाई (2015 -2016 ई.)

 2010 में भारत सरकार ने *हाथी* को *राष्ट्रीय विरासत पशु* घोषित किया था ।
➡ छतीसगढ़ के *बादलखोड़ , लेमारू* में जबकि अरुणाचल प्रदेश के *देवमाली* में भारत सरकार ने *हाथी परियोजना* बना रखी है ।

 घड़ियालों के संरक्षण हेतु *राजस्थान , मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश* की *सयुक्त राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल परियोजना* तथा उड़ीसा की *भितरकनिका घड़ियाल परियोजना* संचालित है।

 उड़ीसा के तट पर *श्री विश्वजीत मोंहती* के नेतृत्व में लुप्त प्राय *औलिव रिडले टर्टल* के संरक्षण हेतु *' प्रोजेक्ट कच्छप '* चलाया जा रहा है ।

 1950 में देश के तत्कालीन *वन मंत्री के.एम. मुंशी* द्वारा चलाये गये *' अधिक वृक्ष लगाओं '* अभियान को ही वर्तमान में *प्रत्येक वर्ष 1 -7 जुलाई के मध्य वन महोत्सव* जे नाम से मनाया जाता है ।

 1948 में स्विट्जरलैंड के *ग्लैण्ड शहर* में *IUCN* का गठन किया गया , जिसके द्वारा *1966* से *रेड डाटा बुक* प्रकाशित की जाती है , जिसमे *सजीवों की विलुप्त* और *संकटग्रस्त प्रजातियो* का उल्लेख किया गया है ।* यूनेस्को* ने भारत के *सात भौगोलिक* एवं *पारिस्थितिकीय* क्षेत्रों को *विश्व विरासत* की सूची में शामिल किया है : -

1. काजीरंगा (असम)
2. मानस (असम)
3. नन्दादेवी (उत्तराखण्ड)
4. सुन्दर वन (पश्चिमी बंगाल)
5. केवलादेव (भरतपुर)
6. फूलों की घाटी (उत्तराखंड)
7. भितरकनिका (उड़ीसा)

भारत की मिट्टियां

मिट्टियां : एक नजर

✍✍✍✍✍✍✍✍

➡ हमारे देश में *70%* से अधिक लोग अपनी आजीविका के लिए *कृषि* पर आधारित है ।
➡ मृदा भूमि की वह परत है , जो चटटानों के *विखण्डन , विघटन और जीवांशों* के सड़ने गलने से मिलकर बनती है ।
➡ इसका निर्माण व गुण *चटटानों , जलवायु , वनस्पति और समय* पर निर्भर करता है ।
➡ *रचना विधि* के अनुसार मिट्टी के *दो* प्रकार है : -

1. स्थानीय मिट्टी -

ऋतु क्रिया के प्रभाव से विखण्डित चटटाने जब अपने मूल स्थान से नही हटती या बहुत कम हटती है , तो इस प्रकार निर्मित मिट्टी को *स्थानीय मिट्टी* कहा जाता है ।

➡ ऐसी चट्टानी मिट्टी *कंकरीली , मोटे कणों वाली , लाल रंग की और अनुपजाऊ* होती है । तथा जहां लावा के विघटन से मिट्टी का निर्माण होता है , वहां मिट्टी *काली और उपजाऊ* होती है ।

***2. विस्थापित मिट्टी –**

नदी , हिमनद , पवन* आदि के प्रभाव से विखण्डित चटटानों से बनी मिट्टी जब अपने मूल स्थान से हटकर दूर चली जाती है , तो इस तरह से निर्मित मिट्टी को *विस्थापित मिट्टी* कहा जाता है ।

➡ भारत में *मध्यवर्ती मैदानों तथा तटीय मैदानों* में ऐसी मिट्टियां पायी जाती है ।

➡ ये मिट्टी बहुत ही *उपजाऊ* होती है ।

भारतीय मिट्टियों के प्रकार -

1. जलोढ़ / कांप / कछारी मृदा

✍✍✍✍✍✍✍✍✍✍

➡ भारत के *विशाल मैदान व तटीय मैदान* कांप मृदा पायी जाती है ।

➡ ये मृदा *नदियों* द्वारा लाई गई *उपजाऊ* मृदा है ।

➡ यह मिट्टी लगभग *8 लाख वर्ग किमी.* में फैली है ।

➡भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार इसे *तीन* भागों में बांटा गया है : -

 1. पुरातन / बांगर कांप मिट्टी - यह मिटटी *ऊंचे भागों में जहां बाढ़ का पानी नही पहुंच पाता* है , पायी जाती है।

➡ इसमें गहन कृषि करके वर्ष में *दो फसलें* उत्पन्न की जाती है ।

➡ इनमे *सिंचाई की आवश्यकता अधिक* होती है ।

 ***2. नूतन / खादर कांप मिट्टी –**

जहां नदियों के *बाढ का पानी पहुंच पाता है ,* वहां नूतन मिट्टी पायी जाती है ।

➡ क्योकि प्रतिवर्ष नदियों द्वारा लायी हुई मिट्टी की *नई परत* जमा होती रहती है ।इसे *खादर* भी कहते है ।

➡ ये मिट्टी काफी *उपजाऊ* होती है । इसने *सिंचाई की आवश्यकता* नही पड़ती है ।

 3. नूतनतम कांप मृदा - यह मिट्टी *गंगा , ब्रह्मपुत्र के डेल्टा प्रदेश* में पायी जाती है ।

➡ इसमें *चूना , मैग्नीशियम , पोटाश , फॉस्फोरस तथा जीवांश* की अधिकता होती है , जिससे कृषि के लिए यह मिट्टी *बहुत उपयोगी* होती है ।
➡ कांप मिट्टी का क्षेत्र *समतल* होते है । जिन पर *नहरें निकलना , कुएँ खोदना तथा खेती करना सुगम* होता है ।
➡ कांप मिटटी में *नमी अधिक समय* तक रहती है ।
➡ यह *बारीक कण वाली भूर - भूरी* मिट्टी होती है ।

2. काली / लावा / वर्टिसोल्स मृदा

✍✍✍✍✍✍✍✍✍✍
➡ यह मिट्टी *दक्षिणी भारत के लावा प्रदेश* (महाराष्ट्र , मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग , आंध्र प्रदेश के पश्चिमी भाग व कर्नाटक के उत्तरी भग , गुजरात व दक्षिणी - पूर्वी राजस्थान) में पायी जाती है ।
➡ भारत के लगभग *5 लाख वर्ग किमी.* क्षेत्र में इसका विस्तार है ।
➡इस मिट्टी की विशेषता यह है कि इसमें *आर्द्रता बनाये रखने की अपूर्व क्षमता* होती है ।
➡ इस मिट्टी में *लोहा व एल्युमिनियम* खनिजों का अंश अधिक पाया जाता है ।
➡ *पोटाश एवं चूने* जा अंश अधिक होता है किंतु *फॉस्फोरस* की मात्रा कम होती है ।
➡ यह मृदा *कपास* की कृषि के लिए बहुत उपयुक्त है । इसलिए इसे *कपास की काली मृदा* भी कहते हैं ।
➡ काली मिट्टी को *' रेगर '* भी कहा जाता है
➡ सूखने पर यह मिट्टी *कड़ी / कठोर* हो जाती है एवं इसमें दरारें पड़ जाती है ।
➡ *नर्मदा , ताप्ती , गोदावरी और कृष्णा नदीयों* की घाटियों में इसकी *परतें 7 मीटर तक गहरी* मिलती है ।

3. लाल मृदा -

✍✍✍✍✍
➡ इस मिट्टी की मुख्य विशेषता यह है कि यह *छिद्रदार* होती है ।
➡ इसमें *सिंचाई की आवश्यकता पड़ती* है , क्योकि इसमें *आर्द्रता* बनाये रखने की क्षमता नही होती है ।
➡ यह मिट्टी उपजाऊ नही होती है ।
इसका रंग *भूरा व लाल* होता है क्योंकि इसमें *लोहे* का अंश अधिक रहता है । इसमें *कंकड़* भी पाए जाते हैं ।

➡ यह मिट्टी *छतीसगढ़ , छोटा नागपुर , उड़ीसा , आंध्र प्रदेश , तमिलनाडु और कर्नाटक* (प्रायद्वीपीय पठार में) में मुख्य रूप से मिलती है ।
➡ इसमें *चूने* का प्रयोग कर इसकी *उर्वरता शक्ति को बढ़ाया* जा सकता है ।

4. लैटेराइट मृदा -

✍✍✍✍✍✍
➡ यह *पक्की ईंट जैसी लाल रंग की* होती है , जिसमें *कंकडों* की प्रधानता रहती है ।
➡ यह *पुरानी चटटानों के विखण्डन* से बनी होती है ।
➡ इसमें *लोहा और एल्युमिनियम* की मात्रा अधिक रहती है , किंतु *चूना , फॉस्फोरस , नाइट्रोजन , पोटाश और जीवांश* की कमी रहती है ।
➡ यह मृदा *अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों* में मिलती है साथ ही तापमान भी अधिक रहता है ।
➡ यह *मानसूनी जलवायु की विशिष्ट मृदा* है ।
➡ इस मृदा के उपजाऊ तत्व जल के साथ घुलकर जमीन में नीचे चले जाते है जिसे *' निक्षालन '* कहते है ।
➡ यह मिट्टी *चाय की कृषि व काजू के पेड़ों* के लिए लाभदायक है ।
➡ यह मृदा *पूर्वी घाट के किनारें से राजमहल पहाड़ी* और *पश्चिमी बंगाल* होते हुए *असम* तक *संकड़ी पट्टी के रूप में* पायी जाती है ।

5. मरुस्थलीय / रेतली / बलुई मिटटी -

✍✍✍✍✍✍✍✍✍
➡ यह मिट्टी *पश्चिमी राजस्थान , सौराष्ट्र व कच्छ* की मरूभूमि पाई जाती है ।
➡ इसमें *क्षारीय तत्वों* की अधिकता होती है , किंतु *नाइट्रोजन , ह्यूमस* तत्वों की कमी रहती है ।
➡ *शुष्क व रंध्रमय* होने के कारण *पवनों के द्वारा स्थानान्तरित* होती रहती है ।

6. पर्वतीय मृदा -

✍✍✍✍✍✍
➡ यह मृदा *हिमालय पर्वतीय* क्षेत्र में मिलती है ।
➡ अपरिपक्व होने के कारण यह मृदा *मोटे कणों वाली व कंकड़ - पत्थर* युक्त होती है । अतः इसे *अपरिपक्व मृदा* भी कहा जाता है ।
➡ यह मृदा *अम्लीय* प्रकार की होती है ।
➡यह मिट्टी *बागानी कृषि / चाय व आलू* की कृषि के लिए उपयुक्त होती है ।